SUNDAY | 23.11.2025 | मार्गशीर्ष शुक्ल-तृतीया विक्रम संवत-2082

उत्तर प्रदेश

# अमर उजाला

महानगर वर्ष 57 | अंक 307 | पृष्ठ 24 | मूल्य सात रुपये बरेली • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

**PAGE NO : 08 BOTTOM**

## एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में टेकफेस्ट का किया आयोजन




**बरेली (वि)।** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में कंम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग, आईटी विभाग एवं एआई/एमएल संकाय द्वारा टेकफेस्ट (कॉम्पटेक 2025) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. प्रभाकर गुप्ता, डीन एकेडिमिक्स डॉ. शैलेश सक्सेना, उप विभागाध्यक्ष डॉ. शाहजहां अली ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। डॉ. प्रभाकर ने समस्त प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कॉम्पटेक में लगभग 422 छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इंजी. अनुभा ढाका ने प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे इंजी. आशीष अग्रवाल, इंजी. हिरेश कुमार गुप्ता एवं अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।